Government Degree College
Ganai Gangoli (Pithoragarh) 262532

Email-gdcganaigangoli@gmail.com Website: www.ganaigangoli.in

विद्यार्थी के लिए आचार संहिता

(CODE OF CONDUCT FOR STUDENTS)

- ❖ विद्यार्थी के लिए समय का पाबंद होना अनिवार्य है। साथ ही महाविद्यालय में अनुशासन बनाएं रखना चाहिए।
- ❖ महाविद्यालय परिसर में रैंगिग सख्त रूप से वर्जित है। रैंगिग करना और सहना दोनों अपराध है
- ❖ महाविद्यालय परिसर में धूम्रपान करना और थूकना प्रतिबंधित है।
- ❖ महाविद्यालय में ड्रेस कोड का पालन करना अनिवार्य है। छात्र एवं छात्रा, दोनों को निर्धारित पोशाक में आने पर ही महाविद्यालय में प्रवेश दिया जायेगा।
- ❖ विद्यार्थी को महाविद्यालय में सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित पहचान पत्र हमेशा अपने साथ रखना अनिवार्य है।
- ❖ विद्यार्थी के लिए कक्षाओं में कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। यदि विद्यार्थी ऐसा करने में अक्षम रहता है तो विश्वविद्यालय के नियमानुसार उसे परीक्षा में सम्मिलित होने से रोका जा सकता है।
- ❖ विद्यार्थी को किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों में सम्मिलित नहीं होना चाहिए। छात्र–छात्राओं को सलाह दी जाती है वे महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का उचित उपयोग करें।
- ❖ विद्यार्थी को परिसर में स्वच्छता बनाए रखनी चाहिए।
- ❖ विद्यार्थी को कक्षाओं तथा पुस्तकालय/वाचनालय में मोबाइल का उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
- ❖ महाविद्यालय की संपति की रक्षा करनी प्रत्येक विद्यार्थी का कर्त्तव्य है।
- ❖ महाविद्यालय में किसी भी व्यक्ति की जाति, धर्म या धार्मिक विश्वास, रंग, भाषा, विकलांगता या यौन उत्पीड़न, लिंग पहचान आदि के आधार पर भेदभाव (शारीरिक या मौखिक आचरण) का कोई भी कार्य निषिद्ध है।

==========∞∞∞==========